सार-समाचार

'नृसिंह महोत्सव के दौरान चाक-चौबंद रहें व्यवस्थाएं'

बीकानेर । बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर शहरी परकोटे के विभिन्न स्थानों पर 30 अप्रैल को होने वाले नृसिंह महोत्सव के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम, पुलिस, पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। व्यास ने बताया कि नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर लखेटिया चौक, लालाणी व्यासों का चौक, नत्थसर गेट के बाहर, डागा चौक, दुजारियों की गली और जस्सोलाई तलाई के पास सहित विभिन्न स्थानों पर नृसिंह महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान यहां मेला भरेगा तथा बड़ी संख्या में शहरवासी एकत्रित होंगे। इसके मद्देनजर उन्होंने साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम आयुक्त, पेंचवर्क के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा पेयजल एवं सड़क पर छिड़काव के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता को पत्र लिखा है। यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग को कार्यवाही करने के लिए कहा है। व्यास ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इन समारोहों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रहती है। अत: सभी संबंधित विभाग जनहित को देखते हुए गंभीरता से कार्य करें।

एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 की जानकारी दी

बीकानेर । राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर अगले माह आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 की जानकारी दी गई तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित साहित्य वितरित किया गया।उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि 'तकनीक से तरक्की' थीम पर 23 से 25 मई तक जयपुर स्थित जेईसीसी में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) का आयोजन किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना, नवाचार को बढ़ावा देना, बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करना और कृषि व पशुपालन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में 75 हजार से अधिक किसानों की भागीदारी प्रस्तावित है। इसमें बीकानेर संभाग से 6000 से अधिक किसान शामिल होंगे। आयोजन में प्रगतिशील किसानों के लिए सेमिनार, कॉन्फ्रेंस और अवार्ड हेतु चयन भी किया गया है।जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरि शंकर आचार्य ने विभागीय पत्रिका 'सुजस' सहित अन्य प्रकाशनों की जानकारी दी तथा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान समय में जनसंपर्क की बदलती दिशा और उसकी उपयोगिता पर भी विचार साझा किए। जिला परिषद के आईईसी समन्वयक गोपाल जोशी ने पत्रकारिता एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर जानकारी देते हुए युवाओं को इस क्षेत्र में संभावनाओं से अवगत कराया । पुस्तकालयाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने पुस्तकालय की विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए करियर मार्गदर्शन से जुड़े संसाधनों का परिचय कराया।

बिजली व्यवस्था को मिला 1130 एमवीए का मजबूत आधार

बीकानेर । गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली जाने और वोल्टेज की समस्या से जूझने वाले बीकानेर के लिए अब राहत भरी खबर है। जिले में विद्युत आपूर्ति तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रायसर स्थित 400 केवी जीएसएस पर 500 एमवीए क्षमता के नए ट्रांसफॉर्मर का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही सागर रोड स्थित 220 केवी जीएसएस पर 200 एमवीए ट्रांसफॉर्मर भी शुरू किया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने इस मौके पर कहा कि अब जिले में लोग लाइट जाना लगभग भूल जाएंगे और शिकायतों के फोन भी बंद हो जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता की बिजली मिलेगी और ट्रिपिंग, ओवर लोड कटौती व वोल्टेज की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी। रायसर जीएसएस की कुल क्षमता अब 630 एमवीए से बढ़कर 1130 एमवीए हो गई है, जबकि बीकानेर की वर्तमान मांग लगभग 900 एमवीए है। यानी अब जिले के पास अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध है, जिससे भविष्य की जरूरतों को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।इस परियोजना पर कुल 50.21 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जबकि सागर रोड ट्रांसफॉर्मर पर 20.88 करोड़ रुपए की लागत आई है। विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों के अनुसार, पहले जीएसएस पर केवल दो 315 315 एमवीए ट्रांसफॉर्मर होने के कारण ओवर लोड की स्थिति बनी रहती थी, खासकर गर्मियों में। अब नए ट्रांसफॉर्मर के जुड़ने से न केवल लोड संतुलन बेहतर होगा, बल्कि श्रीडू गरगढ़, नोखा, गजनेर, छत्तरगढ़ सहित आसपास के छह 220 केवी जीएसएस को भी इसका लाभ मिलेगा।

सफाई व्यवस्था बिगड़ी, गंदगी के ढेर

लूणकरणसर । स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों के बावजूद कस्बे की तस्वीर अलग है। यहां नालियों से लेकर गलियों तक गंदगी पसरी हुई है, जिससे कस्बेवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कस्बेवासियों के अनुसार, जनसंख्या वृद्धि और बड़े क्षेत्रफल को देखते हुए आमजन की सुविधा और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर करने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने लूणकरणसर को नगरपालिका बनवाया था। हालांकि, नगरपालिका बनने के बाद जन सुविधाएं बढ़ने के बजाय, वर्तमान में नियमित सफाई, स्ट्रीट लाइट और नाली निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नगरपालिका के पास वर्तमान में कचरा संग्रहण वाहन भी नहीं हैं। कस्बे के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वन विभाग और पशु चिकित्सालय के आसपास गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। एसडीएम कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क की सफाई भी कभी-कभार ही होती है। कस्बे में करीब 50 हजार की आबादी निवास करती है, और नियमानुसार हर गली से प्रतिदिन कचरा उठाना नगरपालिका की जिम्मेदारी है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और नगरपालिका अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि 'स्वच्छ भारत अभियान' के नाम पर कभी-कभार मुख्य सड़क या किसी मैदान में सफाई कर तस्वीरें खिंचवा ली जाती हैं, जबकि गली-माहल्लों की हालत खराब बनी हुई है। इस संबंध में, नगरपालिका, लूणकरणसर के ईओ भवानीदान चारण ने कहा कि कस्बे की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कचरा उठाने की व्यवस्था में जल्द ही सुधार किया जाएगा।

नगर निगम की टीम से मारपीट करने के 4 आरोपियों को जेल

■ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक ने 11 साल पहले सिटी कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गए नगर निगम के दल में शामिल कार्मिकों से मारपीट और राजकार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपियों को सजा सुनाई है

बीकानेर । अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक ने 11 साल पहले सिटी कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गए नगर निगम के दल में शामिल कार्मिकों से मारपीट और राजकार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपियों को सजा सुनाई है। दो आरोपियों को दो-दो साल का कारावास और प्रत्येक को 7000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। दो अन्य आरोपियों को एक-एक साल का कारावास सहित प्रत्येक को 3000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। एक आरोपी को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त किया गया है।

परिवादी नगर निगम कार्मिक गोपालराम की ओर से 17 जून, 15 को कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई थी कि थाने के सामने स्थित गली में लेडी एल्गिन स्कूल के पास अतिक्रमण हटाने गए थे। सुबह सात बजे कार्रवाई के दौरान एकराय होकर पहुंचे लोगों ने उस पर और साथी कर्मचारियों पर हमला कर दिया। अधिकारी राजाराम बिश्नोई, अनिल आचार्य, श्रीगोपाल, नवरतन, सुरेन्द्र, डूंगर व अन्य के साथ मारपीट की, गालियां निकाली और कपड़े फाड़ दिए। नगर निगम की जेसीबी मशीन, ट्रैक्टरों में तोड़फोड़ की और राजकार्य में बाधा पहुंचाई। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद आरोपी मो. हारुन खोखर, कैलाश सोनी को दोषी मानते हुए प्रत्येक को दो-दो साल का कारावास और 7000 रुपए अर्थदंड, विशाल भार्गव उर्फ छोटू व अख्तर सैयद को एक-एक साल का कारावास और प्रत्येक को 3000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। एक अन्य आरोपी प्रतापसिंह को संदेह का लाभ देकर बरी किया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 27 गवाहों के बयान हुए। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अतिक्रमण एक 'गंभीर बीमारी' बन चुका है। निगम कर्मचारी बिना किसी निजी स्वार्थ के अपनी ड्यूटी कर रहे थे। राज्य की संप्रभु शक्ति का प्रयोग करने वाले कर्मचारियों के साथ मारपीट और अपमानजनक व्यवहार बर्दाश्त योग्य नहीं है। दोषियों को सजा समाज में संदेश देगी जिससे कि भविष्य में कोई भी कानून को हाथ में लेने की हिम्मत न करे।

अब 24.8 लाख रु. का मुआवजा मिलेगा

बीकानेर । मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण ने सात साल पुराने सुजानगढ़ रोड पर हुए सड़क हादसे में व्यक्ति के बोलने की शक्ति खत्म होने पर वाहन मालिक, ड्राइवर और संबंधित बीमा कंपनी को संयुक्त या अलग-अलग 24.8 लाख रुपए का मुआवजा ब्याज सहित भुगतने के आदेश दिए हैं। 5 सितंबर-19 की शाम गुन्दूसर निवासी अमरसिंह राजपूत अपने साथी भरत के साथ मोटरसाइकिल पर नोखा से अपने गांव जा रहे थे। सुजानगढ़ रोड स्थित धर्मकांटे के पास सामने से आ रही एक कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए गलत दिशा में जाकर उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में अमरसिंह को शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान हो गए। पीडित अमरसिंह की बोलने की शक्ति पूरी तरह खत्म हो गई और शरीर के अंगों ने दैनिक कार्य करना बंद कर दिया। स्थायी निर्योग्ता प्रमाण पत्र के आधार पर कोर्ट ने इसे गंभीर माना। पीडित की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह स्वयं गवाही दे सके, इसलिए कोर्ट की अनुमति के बाद उनके पिता श्यामसिंह के बयान दर्ज किए।

पहला आरओबी आरयूबी प्रोजेक्ट रेलवे की मंजूरी में अटका

बीकानेर । शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए नौ साल पहले बुना गया लालगढ़ रेलवे क्रॉसिंग का सपना अब अपने अंतिम पड़ाव पर आकर सिस्टम की फाइल में उलझ गया है। बीकानेर का यह अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है, जहां एक ही पॉइंट पर ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास (आरयूबी) दोनों की सुविधा मिलेगी। ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तो लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन अंडरपास को लेकर रेलवे से मिलने वाली ब्लॉक की अनुमति ने इस पूरे प्रोजेक्ट की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है।

एक महीने से रेलवे की अनुमति का इंतजार है। लालगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पर आरयूबी के बॉक्स डालने के लिए रेलवे ट्रैक के नीचे खुदाई और स्ट्रक्चर फिक्सिंग का काम होना है। इसके लिए करीब 10 घंटे के ट्रैफिक ब्लॉक (रेल यातायात रोकने) की आवश्यकता है। निर्माण एजेंसी ने रेलवे प्रशासन को एक महीने पहले ही इस संबंध में पत्र भेजकर अनुमति मांगी थी, लेकिन रेलवे की ओर से अब तक हरी झंडी नहीं मिली है।ब्लॉक 26 आरयूबी के बॉक्स तैयार हैं, लेकिन जब तक पटरी के नीचे का काम पूरा नहीं होता, तब तक इस प्रोजेक्ट को जनता के लिए खोलना मुमकिन नहीं है। भले ही ओवरब्रिज का ढांचा खड़ा हो गया हो, लेकिन अभी भी धरातल पर कई छोटे-बड़े काम शेष हैं। पेंटिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य, रोड सेफ्टी के लिए साइन बोर्ड और मार्किंग, स्ट्रीट लाइटिंग का इंस्टॉलेशन, ऊपरी सतह पर डामरीकरण (कोलतार बिछाने) का काम बाकी है। तकनीकी के साथ सरकार का रुख भी नरम नहीं है। रुडसिको से लगभग 16.41 करोड़ रुपये की राशि मिलना अभी बाकी है। फंड की कमी और तकनीकी स्वीकृतियों के बीच यह प्रोजेक्ट 2017 से अब तक (9 साल) कछुआ चाल से चल रहा है।मुक्ताप्रसाद नगर, रामपुरा, सर्वोदय बस्ती, करणी नगर और लालगढ़ क्षेत्र के निवासियों को रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन आने का इंतज़ार नहीं करना होगा। वर्तमान में क्रॉसिंग बंद होने पर 1-1 किलोमीटर लंबा जाम लगता है। ब्रिज शुरू होने से मंडी से रामपुरा की दूरी जो अभी जाम के कारण 20 मिनट लेती है, वह मात्र 3-4 मिनट रह जाएगी। पीबीएम अस्पताल जाने वाली एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अब बिना किसी रुकावट के निकल सकेंगी। ओवरब्रिज से भारी वाहन (मंडी ट्रैफिक) सीधे निकल जाएंगे, जबकि अंडरपास से स्थानीय दोपहिया और हल्के वाहन रामपुरा की ओर जा सकेंगे, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी।नियमों के मुताबिक, रेलवे ओवरब्रिज का काम पूरा होने के बाद उसकी सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य है। यह एक उच्च स्तरीय तकनीकी जांच होती है जो हर आरओबी के लिए की जाती है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की संरचनात्मक खामी से बचा जा सके। रेलवे की अनुमति और फिनिशिंग वर्क के बाद ही यह ऑडिट शुरू हो पाएगा। लालगढ़ आरओबी का निर्माण 2017 में शुरू हुआ था।ओवरब्रिज - इसके जरिए वाहन चालक मंडी क्षेत्र से होकर सीधे मुक्ताप्रसाद कॉलोनी और रामपुरा की ओर जा सकेंगे। यह भारी और मध्यम वाहनों के लिए इस्तेमाल होगा। अंडरपास - यह विशेष रूप से रामपुरा जाने वाले यात्रियों के लिए बनाया गया है, जिससे स्थानीय मोहल्लों का ट्रैफिक मुख्य ब्रिज पर बोझ नहीं बनेगा। इस सम्बंध में शिल्पा कच्छावा, एक्सईएन, आरएसआरडीसी का कहना है कि ओवरब्रिज का फिनिशिंग काम बचा है। सर्विस रोड बन रही हैं। ऊपर डामरीकरण और ट्रैफिक साइन बोर्ड और लाइटिंग का काम बाकी है। अंडरपास के लिए रेलवे से परमीशन मांगी है क्योंकि वहां 26 बॉक्स लॉन्च होने हैं।'

भाजपा देहातमण्डल प्रभारियों की घोषणा

■ भाजपा बीकानेर देहात के जिलाध्यक्ष पंचारिया ने प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ के निर्देशानुसार संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मण्डल प्रभारियों की घोषणा की है।

बीकानेर । भारतीय जनता पार्टी बीकानेर देहात के जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार संगठन को सशक्त एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से मण्डल प्रभारियों की घोषणा की है।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया जारी सूची के अनुसार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मण्डलवार प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है खाजूवाला विधानसभा बीछवाल - दिलीप सिंह राजपुरोहित छतरगढ़ - महावीर सिंह चारण

दंतौर - सुरेन्द्र स्वामी खाजूवाला - छेलू सिंह शेखावत पूगल - चैन सिंह राजपुरोहित नोखा विधानसभा नोखा शहर - कोजूराम सारस्वत नोखा देहात - भंवर जांगिड़ मुकाम - अशोक भारती पांचू - कुम्भाराम सिद्ध जांगलू - राजाराम ओझा श्रीडूंगरगढ़ विधानसभाश्रीडूंगरगढ़ शहर - महेंद्र संचेती श्रीडूंगरगढ़ देहात - राजपाल सिंह शेखावतबापेऊ - जसवंत दैया मोमासर - तोलाराम कुकणा कोलायत विधानसभा कोलायत - महेंद्र ढाका बरसलपुर - मांगीलाल गोदारा बज्जू - मनोहर सिंह भारती पलाना - आसीकरण भट्ट देशनोक - जयकिशन उपाध्याय हदा - मनमोहन सिंह गोडू - कैलाश बिश्नोई लूणकरनसर विधानसभा लूणकरनसर - भोजराज मेघवाल रूणियाबास - अर्जुन कड़वासरा महाजन - हनुमान बैद कालू - हेमनाथ जाखड़ धीरेरा - भरत सुथार नापासर - रामेश्वर पारीक को जिम्मेदारी सौंपी गई है । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने सभी नवनियुक्त मण्डल प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना ही भाजपा की प्राथमिकता है ।

वसुधा हेरिटेज प्रोटेक्शन मिशन का शुभारंभ

■ स्वामी विमर्शानंद गिरि, विधायक सिद्धि कुमारी, विधायक जेठानंद व्यास ने पोस्टर का विमोचन किया है

बीकानेर । धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण की दिशा में 'वसुधा हेरिटेज प्रोटेक्शन मिशन' का शुभारंभ से शुरुआत हुई है।इस अवसर पर स्वामी विमर्शानंद गिरि , पूर्व एवं पश्चिम क्षेत्र के विधायक सिद्धि कुमारी, विधायक जेठानंद व्यास तथा क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष करण प्रताप सिंह ने पोस्टर का विमोचन किया है। उनके साथ कई नागरिक उपस्थित रहे।स्वामी विमर्शानंद गिरि ने इस मिशन को हर संभव वैचारिक को शारीरिक सहयोग देने का संकल्प दोहराया व धरोहर बचाने का संकल्प लिया।

संस्थापक संरक्षक व राष्ट्रीय अध्यक्ष जय सिंह चौहान ने कहा कि 'वसुधा हेरिटेज प्रोटेक्शन मिशन' भारत देश की वसुदेव कुटुंबकम की विचारधारा का एक स्रोत है। जो केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को बचाने का एक निर्भीक और अनुशासित संकल्प के साथ साथ सामूहिक राष्ट्रीय जन चेतना का अनंतहीन विशाल उद्देश्य है। इस अवसर पर बाबू सिंह ने भी अपने विचार रखे। टीम में व्यवसाई व समाजसेवी गजेंद्र सिंह ने हर संभव इस मिशन को अपनी टीम के युवाओं द्वारा कार्यक्रम के भागीदार के रूप में कार्य करने का संकल्प लिया और कहा कि यह एक कोई संगठन या मिशन के रूप में नहीं अपितु आम जनता के हृदय मे अपनी सभ्यता संस्कृति राष्ट्रीय धरोहर के अस्तित्व को बचाने व कर्तव्य निर्वाह का शुअवसर है संपूर्ण भूमंडल पर विशाल जन समूह के हृदय में नव चेतना का संचार है। भंवरसिंह स्याणी और संकल्प से सिद्ध नवभारत के बीकानेर अध्यक्ष त्रिलोक सिंह चौहान, अनेक हिंदी व मारवाड़ी फिल्मों में अपना अभिनय और निर्देशक की भूमिका मे कार्य कर चुके राम दयाल भाटी, यतेंद्र चढ़ा ने राष्ट्रीय धरोहर सभ्यता संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

बीकानेर । उत्तराखंड में आयोजित होने वाली चारधाम यात्रा 2026 को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने राजस्थान से जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष स्वास्थ्य एडवाईजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि चारधाम के सभी तीर्थस्थल उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, जिनकी ऊंचाई समुद्र तल से 2700 मीटर से भी अधिक है। इन स्थानों पर यात्रियों को अत्यधिक ठंड, कम ऑक्सीजन, कम हवा का दबाव और अत्यधिक अल्ट्रा वॉयलेट रेडिएशन जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यात्रियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु विभाग ने 'प्लान, प्रिपेयर और पैक' का विशेष सुझाव दिया है।

प्लान (योजना बनाना) : अपनी यात्रा की योजना कम से कम 7 दिनों के लिए बनाएं ताकि शरीर वातावरण के अनुरूप अनुकूल हो सके। यात्रा के दौरान बार-बार ब्रेक लें। प्रिपेयर (तैयारी करना) : रोजाना 20-30 मिनट टहलें और 5-10 मिनट श्वास व्यायाम का अभ्यास करें। पैक करना: पर्याप्त गर्म कपड़े, बारिश से बचाव के उपकरण, पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर, बीपी शुगर जांच मशीन इत्यादि आवश्यकता अनुसार साथ रखें।

डॉ. साध ने बताया कि 55 वर्ष से अधिक आयु के यात्री, गर्भवती महिलाएं और हृदय रोग, अस्थमा, उच्च रक्तचाप या मधुमेह से ग्रसित यात्रियों को यात्रा से पूर्व अपनी फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य जांच अवश्य करवानी चाहिए। यदि चिकित्सक यात्रा न करने की सलाह दें, तो इसे गंभीरता से लें। यात्री अपने साथ अपने नियमित चिकित्सक का नंबर और आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में साथ रखें। यात्रा के दौरान यदि सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, लगातार खांसी, चक्कर आना या चलने में कठिनाई जैसे लक्षण महसूस हों, तो तुरंत निकटतम चिकित्सा राहत केंद्र या जिला अस्पताल पहुंचें। किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए 104 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। यात्रा के दौरान शराब, धूम्रपान, कैफीनयुक्त ड्रिंक्स और नींद की गोलियों का सेवन कतई न करें।- शरीर में पानी की कमी न होने दें, कम से कम 2 लीटर तरल पदार्थ पिएं और भरपूर पौष्टिक आहार लें।- यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए संचार संदेशों और दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।

बीसीसीआई लेवल के स्टार कोच लगाए, ये डॉक्युमेंट्स जरूर साथ ले जाएं

श्रीगंगानगर । राजस्थान क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन प्रतिभा खोज क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर शुरू हो चुका है। आज (मंगलवार) को बिहाणी क्रिकेट स्टेडियम, सुखाड़िया सर्किल में खिलाडियों का फ्री रजिस्ट्रेशन चल रहा है। शिविर में बल्लेबाजी कोच के रूप में धीरज शर्मा (बीसीसीआई लेवल-1), गेंदबाजी कोच निशान सिंह (बीसीसीआई लेवल-2), फील्डिंग कोच सुशील पूनियां (बीसीसीआई लेवल-1), जूनियर बल्लेबाजी कोच अर्जित गुप्ता (बीसीसीआई लेवल-1) और ट्रेनर प्रवीण सोनी (धोनी) की सेवाएं देंगे। महिला प्रशिक्षण शिविर की जिम्मेदारी कुलदीप सिंह को सौंपी गई है, जबकि महिला शिविर का प्रभारी जोबनप्रीत सिंह (स्टेट लेवल अम्पायर) होंगे। प्रशिक्षण का समय सुबह 6:30 से 8:30 बजे तक और शाम 4:30 से 7:00 बजे तक है। पुरुष खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन बिहाणी क्रिकेट स्टेडियम में धीरज शर्मा के पास नि:शुल्क करवा सकते हैं, जबकि महिला खिलाड़ी रिद्धी-सिद्धी क्रिकेट एकेडमी, रिद्धी-सिद्धी-2 में जोबनप्रीत सिंह के पास रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। महिलाओं का पूरा प्रशिक्षण भी इसी एकेडमी में होगा। कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता 2026-27 के लिए जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर की सीनियर टीम का चयन ट्रॉयल 23 अप्रैल को शाम 3 बजे बिहाणी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। ट्रॉयल में भाग लेने वाले खिलाडियों को सफेद पोशाक और अपना पूरा खेल सामान साथ लाना अनिवार्य है। ये डॉक्यूमेंट साथ लेकर आएं खिलाड़ी जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले 3 सालों की स्कूल मार्कशीट। अपना, माता-पिता का आधार कार्ड/वोटर आईडी/पासपोर्ट/ ड्राइविंग लाइसेंस/पैन कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर की टीम पिछले वर्ष की उपविजेता रही है।

गोपाल शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

बीकानेर । पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन (प्रसार) की ओर से इस वर्ष का घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक गोपाल शर्मा तथा किशन कुमार व्यास 'आजाद' स्मृति जनसंपर्क रत्न अवार्ड, विभाग की पूर्व सहायक निदेशक श्रीमती वीना करमचंदाणी को अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार दिनेश चंद सक्सेना स्मृति युवा जनसंपर्क कर्मी सम्मान युवा जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सामरिया (बगवाड़ा) को दिया जाएगा। प्रसार अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर आचार्य ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर प्रसार कार्यकारिणी द्वारा सम्मान की सूची को अंतिम रूप दिया गया। सम्मान समारोह अगले महीने आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रसार द्वारा वर्ष 2019 से यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। युवा जनसंपर्ककर्मी सम्मान गत वर्ष प्रारम्भ किया गया था। शर्मा, श्रीमती करमचंदाणी तथा सामरिया तीनों ही जयपुर के रहने वाले हैं। गोपाल शर्मा एवं श्रीमती करमचंदाणी अनवरत साहित्य सृजन से भी जुड़े हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्षकुमार अजय ने बताया कि विभाग के दिवंगत अधिकारियों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। अब तक जनसंपर्क विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. अमर सिंह राठौड़ सहित विभाग के विभिन्न अधिकारियों को अर्पित किया जा चुका है। इस दौरान उपाध्यक्ष (क्षेत्रीय) धर्मेन्द्र मीणा, उपाध्यक्ष (मुख्यालय) चंद्रशेखर पारीक, कोषाध्यक्ष हरि शंकर शर्मा, महासचिव अभय सिंह, सचिव मोहित जैन तथा संयुक्त सचिव पुष्पक मीणा ने ऑनलाइन माध्यम पर अपने विचार रखे।

सार-समाचार

पति ने पत्नी-ससुराल पर दर्ज कराया धोखाधड़ी का केस

हनुमानगढ़ । यहां पीलीबंगा थाने में युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया । हनुमानगढ़ के पीलीबंगा क्षेत्र के गांव रामपुरा में एक विवाहित युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों पर धोखाधड़ी तथा लाखों के जेवर हड़पने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीलीबंगा थाना पुलिस ने इस्तगासा (अदालती निर्देश) के माध्यम से विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। परिवादी मोनू, जो रामपुरा का निवासी है, ने बताया कि उसकी शादी जून 2023 में बिहार निवासी सुमगुम उर्फ शबनम से हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी रामपुरा में उसके साथ रह रही थी। सुमगुम उर्फ शबनम का नाम आधार और बैंक दस्तावेजों में भी उसकी पत्नी के रूप में दर्ज है। मोनू के अनुसार, शादी के समय परिवार ने पत्नी को सोने-चांदी के आभूषण दिए थे, जिनमें मंगलसूत्र, बालियां और पाजेब जैसे जेवर शामिल थे। इसके अतिरिक्त, उसकी मां के कुछ जेवर भी घर में रखे हुए थे। परिवादी ने बताया कि अक्टूबर 2025 में उसकी पत्नी का भाई लवकुश रामपुरा आया और सुमगुम को कुछ दिनों के लिए मायके ले जाने की बात कही। मोनू ने विश्वास करके पत्नी को भेज दिया। इसके बाद सुमगुम और उसके परिजनों ने उससे संपर्क तोड़ दिया। जब मोनू ने पत्नी को वापस भेजने के लिए कहा, तो उन्होंने इनकार कर दिया और बताया कि सुमगुम ने दूसरी शादी कर ली है। मोनू को संदेह है कि उसके साथ साजिश रचकर लाखों के जेवर हड़प लिए गए हैं। इस मामले में पत्नी सुमगुम उर्फ शबनम, उसके पिता और अन्य परिजनों सहित कुल आठ लोगों को नामजद किया गया है। ये सभी आरोपी बिहार के अलग-अलग जिलों के निवासी बताए गए हैं। अदालत के निर्देश पर सुमगुम उर्फ शबनम, लवकुश और अन्य छह लोगों सहित कुल आठ आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी बिहार के निवासी हैं।

45 दिनों की नहर बंदी के चलते जलापूर्ति प्रभावित

अरजनसर । कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। 45 दिनों की नहर बंदी के चलते जलापूर्ति का मुख्य स्रोत प्रभावित हो गया है, जिसके कारण अब पानी की सप्लाई कुओं के भरोसे की जा रही है। नहर के मुकाबले कुओं से मिलने वाला पानी कम होने के कारण क्षेत्र में पानी की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है।स्थिति यह है कि अरजनसर सहित एक दर्जन से अधिक गांव इस संकट की चपेट में हैं। ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे दैनिक जरूरतें भी पूरी करना मुश्किल हो गया है। फूलेजी के सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र शर्मा ने बताया कि गांवों के जलाशय अब सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं, जिससे हालात और गंभीर होते जा रहे हैं।इधर, क्षेत्र में पालतू पशुओं की संख्या अधिक होने के कारण पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना भी चुनौती बन गया है। कई जगहों पर पशुओं के लिए टैंकरों से पानी मंगवाया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संकट और गहरा सकता है। वहीं, आगामी 20-25 दिनों तक नहर बंदी जारी रहने की संभावना के चलते लोगों की चिंता बढ़ गई है।

नेतेवाला में बस की टक्कर से एक की मौत

चूनावढ़ । जिले के चूनावढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेतेवाला क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा मुख्य सड़क श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ नेशनल हाईवे-62 पर गणेश मंदिर के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि दलीप निवासी औरैन ने बयान में बताया कि 19 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह अपने दूर के रिश्तेदार मदनलाल के साथ बाइक से नेतेवाला गांव घरेलू सामान लेने गया था। सामान लेकर लौटते समय रात करीब 9 बजे गणेश मंदिर के पास सामने से आ रही लोक परिवहन बस ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दलीप के चेहरे और दाएं पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि मदनलाल को भी गंभीर चोटें लगीं। आसपास के लोगों ने दोनों को तुरंत राजकीय अस्पताल श्रीगंगानगर में भर्ती कराया।इलाज के दौरान मदनलाल ने दम तोड़ दिया, जबकि दलीप का इलाज जारी है। पुलिस ने दलीप के बयान के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक मदनलाल और घायल दलीप मजदूरी करते थे। पुलिस थाना चूनावढ़ ने बताया कि आरोपी बस चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले की चूनावढ़ थाना एएसआई रणवीर कुमार को सौंपी गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग को सौंपा घायल दुर्लभ गिद्ध

बीकानेर । झूलता मांझा सिर्फ इंसानों को ही अपने चपटे में नहीं ले रहा बल्कि पक्षियों की भी जान ले रहा है ऐसे में एक दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध को भी मांझे ने अपना शिकार बना लिया। परमार्थ सेवा समिति जो कि अक्षय तृतीया के 15 दिन पहले से घायल पक्षियों के उपचार हेतु बचाव अभियान शुरू कर देती है, उसी क्रम में नाथ जी धोरे के इलाके से एक मांझे से गंभीर घायल नियोफ्रॉन नामक प्रजाति का रेयर इजिप्शियन वल्चर को समिति के अध्यक्ष समाजसेवी अविनाश व्यास 'श्रीधर' द्वारा रेस्क्यू कर उसके प्राथमिक उपचार के पश्चात वन विभाग के कर्मी सुरेंद्र कुमार को सौंप दिया। व्यास और उनकी टीम ने दर्जनों पक्षियों की मांझे से जान बचाई है जिनको उपचार के बाद आज़ाद कर दिया जाएगा लेकिन उनकी प्रशासन से मांग है कि कबूतर जैसे पक्षी जो मांझे से पंख कटा चुके है उन्हें वनविभाग भी नहीं रखता ऐसे में इन पंख विहीन पक्षियों के रख रखाव हेतु माकूल व्यवस्था होनी चाहिए।

उच्च जलाशय अनुपयोगी

महाजन । कस्बे के वार्ड नंबर 1 में लाखों रुपये की लागत से बना उच्च जलाशय पिछले 20 सालों से अनुपयोगी पड़ा है। यह जलाशय वर्ष 2001-2002 में बनकर तैयार हुआ था, लेकिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की उदासीनता के कारण इसका कभी उपयोग नहीं हो सका। सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार बोहरा ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि नहर बंदी के मौजूदा समय में यदि इस जलाशय को सुचारू रूप से चालू किया जाए, तो आमजन को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे विशेषकर अधिक ऊंचाई पर स्थित घरों तक पानी आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। इस संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता दीपक कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है और जल्द ही इसके समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

शिलान्यास व लोकार्पण आज

बीकानेर । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। गोदारा सुबह 11 बजे किस्तूरिया में राजपूत समाज श्मशान भूमि पर 10 लाख रुपये की लागत से तैयार टीन शेड का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे हंसेरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 10 लाख रुपये की लागत से तैयार टीन शेड का लोकार्पण करेंगे।मंत्री गोदारा दोपहर 2 बजे ऊंचाईडा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 16 लाख रुपये की लागत से तैयार दो कक्षा-कक्षों का लोकार्पण। इसके बाद 3 बजे दुलमेरा में 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करेंगे। गोदारा सायं 4:30 बजे धीरेरा स्टेशन पर 55 लाख रुपये की लागत से तैयार उप स्वास्थ्य केंद्र तथा 11 लाख रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। सायं 5:30 बजे उतमदेसर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 10 लाख की लागत से तैयार टीन शेड का लोकार्पण करेंगे।

चेक अनादरण मामले में एक वर्ष का कारावास

तारानगर (निसं)। तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीपसिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए सिद्धमुख तहसील के दयावठ निवासी रतनलाल पुत्र मुंशीराम को एक वर्ष के साधारण कारावास व 12 लाख रुपये के प्रतिकर से दंडित किया है, परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट जीताराम शर्मा ने बताया के दयावठ गाँव के ही सुनील कुमार ने रतनलाल के विरुद्ध 9,65,000 रुपए के चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था दोनों पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय ने रतनलाल को एक वर्ष का साधारण कारावास व बारह लाख रुपए के प्रतिकर से दंडित किया है।